अपना शहर अपना खबर

वर्ष :-2
अंक:-36
2, मार्च,2026
सोमवार

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com



अपना शहर अपना खबर

वर्ष :-2
अंक:-36
2, मार्च,2026
सोमवार

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## आई एम ए, बिहारशरीफ शाखा का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न, 500 चिकित्सकों ने लिया भाग




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आई एम ए भवन, बिहारशरीफ में चिकित्सकों की प्रतिष्ठित संस्था Indian Medical Association की बिहारशरीफ शाखा द्वारा 1 मार्च 2026 को नालंदा जिला चिकित्सा वार्षिक समारोह धूमधाम एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस भव्य सम्मेलन में नालंदा जिला सहित आसपास के कई जिलों से आए लगभग 500 चिकित्सकों ने भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। पूरे आयोजन में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी नई जानकारियों, अनुभवों और समसामयिक विषयों पर गंभीर एवं सार्थक चर्चा की गई।

समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बी. बी. भारती द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर अद्यतन ज्ञान की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बदलते समय के साथ चिकित्सकों को वैज्ञानिक शोध, तकनीकी प्रगति और कानूनी पहलुओं की जानकारी रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए इसे चिकित्सकों के लिए एक सशक्त मंच बताया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य संपादक डॉ. अजय कुमार सिन्हा एवं सह संपादक डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. सुजीत कुमार तथा डॉ. दयानन्द प्रसाद द्वारा संपादित स्मारिका का विमोचन मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा किया गया। इस स्मारिका में चिकित्सा क्षेत्र की उपलब्धियों, शोध लेखों तथा चिकित्सकीय अनुभवों को समाहित किया गया है, जो चिकित्सकों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी।

उद्घाटन सत्र में आई एम ए बिहारशरीफ के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार (हड्डी रोग विशेषज्ञ) एवं आयोजन अध्यक्ष डॉ. चन्द्रेश्वर प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत किया। पैट्रन डॉ. श्याम नारायण प्रसाद, डॉ. अरविन्द कुमार सिन्हा, डॉ. जवाहर लाल, डॉ. ममता कौशांबी एवं डॉ. रश्मि नारायण सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की एकजुटता और चिकित्सा सेवा की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

सचिव डॉ. अभिषेक ने सत्र 2025-26 का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर की गतिविधियों, स्वास्थ्य शिविरों, सामाजिक कार्यों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। मंच संचालन डॉ. स्वाति सिन्हा, डॉ. रिचा एवं डॉ. नीतू द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित और रोचक बना रहा।

सम्मेलन का मुख्य आकर्षण वैज्ञानिक सत्र रहा, जिसमें विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपने अनुभव साझा किए। बच्चों की मनोचिकित्सा पर डॉ. अमरदीप कुमार ने विस्तृत व्याख्यान दिया। हृदय रोग एवं जॉन्डिस पर डॉ. वैभव राज ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। कैंसर पर डॉ. नवीन कुमार ने नवीनतम उपचार पद्धतियों पर प्रकाश डाला। चिकित्सीय कानून के जटिल पहलुओं पर डॉ. ललित कुमार सिंह ने विस्तृत चर्चा की।

इसके अतिरिक्त डॉ. पुलक राज, डॉ. नीरु जनेश्वर सिंह, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. सुमन प्रकाश, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. कीर्ति पराशर, डॉ. ब्रजेश कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. अनंत कुमार वर्मा एवं डॉ. अमरदीप कुमार ने भी विभिन्न चिकित्सीय विषयों पर अपने अनुभव साझा किए। वैज्ञानिक सत्र का संचालन डॉ. पुलक एवं डॉ. अभिनव द्वारा किया गया।

इस वर्ष सम्मेलन की थीम "मेडिको लीगल इश्यूज इन क्लिनिकल प्रैक्टिस" रही, जिस पर अनुभवी चिकित्सकों एवं कानूनी विशेषज्ञों ने विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान समय में चिकित्सकों के लिए कानूनी जागरूकता उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी चिकित्सीय दक्षता। इस विषय पर हुए संवाद ने उपस्थित चिकित्सकों को व्यावहारिक दिशा-निर्देश प्रदान किए।अंत में आयोजक सचिव डॉ. धनंजय कुमार (शिशु विशेषज्ञ) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बिहारशरीफ में रौशन रोही के कार्यक्रम में बवाल, फायरिंग में किशोर घायल; गायक समेत 15 गिरफ्तार



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार थाना क्षेत्र के नकटपूरा गांव में होली मिलन समारोह के दौरान भोजपुरी गायक रौशन रोही के कार्यक्रम में जमकर हंगामा हो गया। घटना के बाद पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है।

बताया जाता है कि स्थानीय लोगों को नि:शुल्क प्रवेश नहीं दिए जाने से नाराज कुछ लोगों ने कार्यक्रम समाप्ति के बाद पत्थरबाजी शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ने पर भगदड़ मच गई। इसी दौरान गायक के साथ मौजूद बाउंसर द्वारा फायरिंग किए जाने की बात सामने आई है। गोली लगने से काशोचक निवासी शिवकुमार यादव के पुत्र सूबे लाल कुमार नामक किशोर घायल हो गया।

मारपीट की घटना में एक पत्रकार समेत तीन लोग जख्मी हुए हैं। घायलों में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार ऋषिकेश कुमार और वाहन चालक अमन कुमार शामिल हैं। उपद्रवियों ने पत्थरबाजी कर तीन वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि कार्यक्रम बिना अनुमति आयोजित किया गया था। बाउंसर द्वारा जिस हथियार से फायरिंग की गई, उसे जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने गायक सहित 15 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है।


## सात वर्षीया तासफीन ज़िया ने रखा पहला रोज़ा, परिजनों ने दी मुबारकबाद

इस्लामपुर (अपना नालन्दा)। मोहल्ला मलिकसराय निवासी ज़ियाउद्दीन की सात वर्षीया पुत्री तासफीन ज़िया ने रमज़ान के पाक महीने में अपना पहला रोज़ा रखकर परिवार और समाज का मान बढ़ाया। नन्ही बच्ची के पहले रोज़े को लेकर घर में खुशी का माहौल रहा।

इस अवसर पर उनके दादा समशुद्दीन आज़ाद (पूर्व सदस्य, बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग), पिता ज़ियाउद्दीन (अध्यक्ष, मजदूर संघ), माता नूरी प्रवीण, मामा अकील अहमद, शकील अहमद, शब्बीर अहमद, भाई नुरुलऐन, बहन तहसीन ज़िया, तमन्ना ज़िया तथा मामा तनवीर अहमद सहित सभी परिजनों ने तासफीन को दुआओं के साथ मुबारकबाद दी।

परिवारजनों ने कहा कि रमज़ान आत्मसंयम, इबादत और नेक रास्ते पर चलने का संदेश देता है। तासफीन के इस कदम से पूरे परिवार में गर्व और प्रसन्नता का वातावरण है।




SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number BRERAP19200101102525043 2E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# समाजसेवी अरविंद सिन्हा ने मनाया मुख्यमंत्री जन्मोत्सव संग होली मिलन




विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। समाजसेवी सह परविंदर इंटरप्राइजेज के निदेशक अरविंद कुमार सिन्हा ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 75वां जन्मदिन केक काटकर उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं मंगलमय स्वास्थ्य की कामना की।
जन्मदिन समारोह के उपरांत होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अरविंद कुमार सिन्हा ने उपस्थित सहयोगियों और समर्थकों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली गीतों की धुन पर समाजसेवी और उनके साथियों ने उत्साहपूर्वक ठुमके लगाए, जिससे माहौल पूरी तरह रंगीन और उल्लासमय हो गया।
इस अवसर पर अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, जिसे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कामना की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में नई उमंग और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे।
कार्यक्रम में विजय महतो, पंकज सिंह, अमन सिंह, इंद्रमणि प्रसाद, दिग्विजय सिंह, अमरेंद्र कुमार, बबलू, चंद्रशेखर, संटू महतो, सीटू सिंह, चिक्कू, फंटूश सिंह, शशिरंजन, संजय यादव, रणधीर कुमार, कुमार धीरज, भूषण महतो, प्रदीप कुमार एवं रंजीत छपरिया सहित अनेक सहयोगी उपस्थित रहे।
समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।










आप सभी प्रखण्ड वासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएँ
राजेन्द्र प्रसाद
समाजसेवी
वरिष्ठ नेता (जदयू)
जियाउल हक
बी.डी.ओ. नूरसराय
दिपक कुमार
अंचलाधिकारी, नूरसराय
रेखा देवी
प्रखण्ड प्रमुख, नूरसराय
मो0 मोअज्जम अहसन
प्रधानाध्यापक
मध्य विद्यालय सरदार बिगहा
नवीन कुमार
जदयू नेता
अमरेन्द्र कुमार
(पप्पु मुखिया)
पपरनौसा पंचायत
अन्नु सिंह
मुखिया चण्डासी पंचायत
शोभा देवी
मुखिया बाराखुर्द पंचायत
अविनाश कु0 निराला
पूर्व मुखिया बाराखुर्द पंचायत
चन्द्रशेखर प्रसाद
पूर्व मुखिया जगदीशपुर तियारी पंचायत
बब्लु कुमार
समाजसेवी

# होली पर सौहार्द का संदेश, बेन थाना में शांति समिति की अहम बैठक



सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बेन थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष रविराज सिंह ने की। इस अवसर पर अरविंद पटेल सहित थाना क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक में कलीम अशरफ, भोलू मियां, सत्येंद्र प्रसाद, खैरा पंचायत समिति सदस्य दीपक रविदास, अनुज कुमार, मैंजरा पंचायत के सरपंच संतोष कुमार, बारां के सरपंच धर्मेंद्र कुमार, आफताब अंसारी, शैलेंद्र कुमार, दिलशाद मलिक, जीतू मांझी समेत अन्य लोगों ने भाग लिया। सभी वक्ताओं ने होली के अवसर पर आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव बनाए रखने पर जोर दिया।

थाना अध्यक्ष ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, इसे शांति और सामाजिक समरसता के साथ मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और किसी भी प्रकार की हुड़दंग, अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की। डीजे व तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्ण प्रतिबंध रखने का अनुरोध किया गया, ताकि आम लोगों को असुविधा न हो और कानून-व्यवस्था बनी रहे।

बैठक के समापन पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह मनाया और समाज में एकता, भाईचारे एवं सद्भाव का संदेश दिया।

# कतरीसराय की परंपरागत होली: फाग गीतों से गूंजती थी गांव की चौपाल



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। फाल्गुन मास के आगमन के साथ ही कतरीसराय के गांवों में होली का उल्लास देखते ही बनता था। संध्या ढलते ही गांव की चौपाल पर ग्रामीणों की टोली जुटती और आधी रात तक पारंपरिक फाग गीतों की मधुर स्वर-लहरियां वातावरण में गूंजती रहती थीं। "राम खेले होली, लखन खेले होली" और "गोरिया करी के श्रृंगार, पिसे ले चलली हरदिया" जैसे गीत ढोल-मंजीरे की थाप पर गाए जाते, जिनमें लोक संस्कृति, आस्था और प्रेम का सुंदर संगम झलकता था।

होली की तैयारियां कई दिन पहले से शुरू हो जाती थीं। बच्चे घर-घर जाकर होलिका दहन के लिए लकड़ियां इकट्ठा करते, जो सामूहिक सहयोग और सहभागिता का प्रतीक था।

होलिका दहन के दिन पूरे गांव की उपस्थिति में विधि-विधान से अग्नि प्रज्ज्वलित की जाती और फाग गीतों से वातावरण भक्तिमय हो उठता।

अगली सुबह लोग होलिका की राख को शुभ मानकर एक-दूसरे पर लगाते।

इसके बाद रंग, गुलाल, हंसी-ठिठोली और आपसी मेल-मिलाप का दौर चलता। शाम को साफ वस्त्र पहनकर लोग एक-दूसरे के घर जाते और गले मिलकर शुभकामनाएं देते।

आज बदलते समय में डीजे और अश्लील गीतों के बढ़ते चलन से यह परंपरागत होली धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है, जिससे सामाजिक एकता और लोक-संस्कृति भी प्रभावित हो रही है।






अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा


# नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन पर बराह में होली मिलन, जनप्रतिनिधियों की रही सहभागिता



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के बराह पंचायत सरकार भवन में रविवार को डबल खुशियां मनाई गईं। एक ओर होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, वहीं दूसरी ओर बिहार के मुख्यमंत्री Nitish Kumar का 75वां जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पंचायत के युवा, बुजुर्ग, बच्चे तथा गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।


बराह पंचायत की मुखिया सीता देवी, ग्रामीण अभियंता अशोक कुमार, मुखिया प्रतिनिधि कमलेश कुमार उर्फ पिंटु, समाजसेवी चंद्रोदय कुमार एवं तेलमर मुखिया विद्यानंद बिंद सहित ब्रजेश, सूजीत, महेश, मुन्ना और अन्य ग्रामीणों ने केक काटकर मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया। उपस्थित लोगों ने उन्हें विकास का पर्याय बताते हुए उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की तथा "बिहार का शिल्पकार" की उपाधि दी।

इसके बाद होली मिलन समारोह शुरू हुआ। ढोल, झाल, झांझ और हारमोनियम की धुन पर पारंपरिक होली गीत गाए गए। वार्ड सदस्यों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

मुखिया प्रतिनिधि पिंटु ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर पारंपरिक होली को जीवित रखने के उद्देश्य से इस आयोजन का आयोजन किया गया है। होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है, जिसे शांतिपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए।











ADITYA CLASSES
&
CONCEPT SCHOOL
विद्या सर्वस्व भूषणम्
होली की हार्दिक शुभकामनाएँ
SACHIN KUMAR
GURUKUL KURUKSHETRA
SATYAM KUMAR
SAINIK SCHOOL NALANDA
SHIVAM KUMAR
SAINIK SCHOOL NALANDA
SURAJ KUMAR
SAINIK SCHOOL BHUBANESWAR
SURYA PRAKASH
SAINIK SCHOOL AMRAVATI
ARNAV KUMAR
GURUKUL KURUKSHETRA
CONGRATULATIONS TO ALL SUCCESSFUL STUDENTS OF 2025!
SUMIT KUMAR
GURUKUL KURUKSHETRA
MAYANK KUMAR
SAINIK SCHOOL NALANDA
ANANYA KUMARI
SAINIK SCHOOL PURULIA
NISHANT KUMAR
GURUKUL KURUKSHETRA
SAURABH KUMAR
SAINIK SCHOOL REWARI
YOU CAN BE THE NEXT ONE!
TAKE A STEP FORWARD
MR. JITENDRA KUMAR SINGH
DIRECTOR
MRS. JYOTI SINGH
PRINCIPAL


सीबीएसई संबद्धता संख्या - 331278
होली की हार्दिक शुभकामनाएँ
विवेकानंद गुरुकुल
पूर्व प्रथम श्रेणी अधिकारी द्वारा संचालित विद्यालय और पटेल कॉलेज में कम्प्यूटर विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष के नेतृत्व में उत्कृष्ट योगदान
कक्षा 1 से NCERT की पुस्तकें
मेधावी बच्चों को 50% छात्रवृति।
कक्षा 11वीं और 12वीं की छात्राओं के लिए 50% की छूट
VIVEKANAND GURUKUL
प्रवेश हेल्पलाईन नम्बर
72090 74222, 72090 75222
Website : www.vivekanandgurukul.com
E-mail : vivekanandgurukul00@gmail.com
बड़ीमठ, परवलपुर, नालन्दा, बिहार
Ravi Kr. Chaudhary
Director
Abhinash Kr. Pandey
Principal


अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान
नालन्दा की जनता की आवाज

# महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा में नीतीश कुमार का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिवस समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

समारोह के दौरान शासी निकाय के सचिव राजेंद्र प्रसाद एवं प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने केक काटकर मुख्यमंत्री के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इसके साथ ही परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

अपने संबोधन में राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार निरंतर प्रगति कर रहा है और राज्य में समावेशी विकास कीनई धारा प्रवाहित हो रही है। वहीं प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने कौशल विकास योजनाओं और छात्र सहायता कार्यक्रमों की सराहना करते हुए युवाओं के सशक्तिकरण पर बल दिया।

कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. सुधीर कुमार, कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुधीर कुमार वर्मा, वित्तेक्षक प्रो. शशिभूषण प्रसाद, प्रो. मिथलेश कुमार, प्रो. कुमारी रेणुका सिन्हा, प्रो. आनंद मूर्ति, प्रो. आकाश भारती, प्रो. विकास कुमार, प्रो. दिव्यांशु प्रिया, लेखपाल विजय कुमार सिन्हा, अनुज कुमार एवं नारायण कुमार सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# हिलसा में निजी विद्यालय संघ का होली मिलन समारोह, शिक्षकों ने दिया एकता और सौहार्द का संदेश



हिलसा (अपना नालंदा)। होली पर्व के पावन अवसर पर शहर के पटेल नगर में निजी विद्यालय संघ हिलसा द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न निजी विद्यालयों के निदेशक एवं प्रधानाध्यापक एकजुट हुए और आपसी भाईचारे, प्रेम तथा सौहार्द का संदेश दिया।समारोह के दौरान उपस्थित शिक्षाविदों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे वातावरण में उत्साह, उमंग और रंगों की खुशबू घुली रही। कार्यक्रम स्थल पर पारंपरिक होली गीतों और आपसी संवाद के बीच सभी ने सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और सद्भाव के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देने वाला पर्व है। उन्होंने बताया कि विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी होली की छुट्टी से पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगारंग प्रस्तुतियां एवं विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, ताकि बच्चों में भी सामाजिक समरसता और आपसी सम्मान की भावना विकसित हो सके।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत लोगों की जिम्मेदारी केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देना भी उनका कर्तव्य है। ऐसे आयोजनों से शिक्षकों के बीच आपसी समन्वय बढ़ता है और शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने में सहयोग मिलता है।

इस अवसर पर अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद सिंह, अश्वनी कुमार, मृत्युंजय कुमार, संजय कुमार वर्मा, संजय कुमार प्रभाकर, चंद्रभूषण कुमार आर्य, नवल कुमार, पवन कुमार, रवि शंकर कुमार, महेश कुमार सिंह, राकेश कुमार, राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, गौतम पांडे, संतोष पांडे सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

समारोह के अंत में सभी ने क्षेत्र में शांति, सद्भाव और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।






## संपादकीय जेपी चौधरी

# मोदी युग में भारत–इजरायल संबंधों का नया अध्याय: रणनीति, संतुलन और वैश्विक संदेश



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में सत्ता में आने के बाद से इजरायल और भारत के संबंधों को पूरी तरह से बदल दिया है। इज़रायल के मामले में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय विदेश नीति की पुरानी परंपराओं को तोड़ते हुए खुद को साबित किया है। एक ओर, इज़रायल के साथ भारत की निकटता बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर, खाड़ी देशों के साथ भारत के संबंध भी मजबूत हुए हैं। भारत की अपनी सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं, और इजरायल एक महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में उभरा है।

जब प्रधानमंत्री मोदी ने 9 साल पहले इज़राइल का दौरा किया, तो आशंका जताई गई थी कि इससे भारत में लाखों मुसलमान नाराज़ हो सकते हैं, लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने घरेलू राजनीतिक प्रभावों से खुद को पूरी तरह मुक्त कर लिया है। भारत ने फ़िलिस्तीन के साथ संबंधों में संतुलन बनाए रखते हुए इज़राइल के साथ अपने संबंधों का विस्तार भी किया।

आतंकवाद को लेकर दोनों देशों की साझा चिंताओं ने खुफिया सहयोग को बढ़ावा दिया है। भारत की उच्च तकनीक वाले हथियारों की मांग और इजरायल द्वारा उदारतापूर्वक इन्हें बेचने से रक्षा व्यापार के मजबूत संबंध स्थापित हुए हैं। इजरायली संसद (क्नेसेट) को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करते हुए कहा कि नागरिकों की हत्या को किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने गाजा में शांति पहल के प्रति अपना मजबूत समर्थन भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम शांति के समर्थक हैं। इस क्षेत्र के सभी लोगों के लिए एक न्यायपूर्ण और स्थायी शांति आवश्यक है, जिसमें फिलिस्तीनी मुद्दे का समाधान भी शामिल है।

इस तरह प्रधानमंत्री ने फिलिस्तीनी मुद्दे पर भारत के रुख को दोहराया और आतंकवाद पर हमला भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नेसेट अध्यक्ष पदक से भी सम्मानित किया गया। यह पदक प्रधानमंत्री के व्यक्तिगत नेतृत्व के माध्यम से भारत और इजरायल के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने में उनके असाधारण योगदान को मान्यता देता है। यह अब सर्वविदित है कि इजरायल ने 1962 में चीन के साथ, 1965 में पाकिस्तान के साथ और 1971 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्धों के दौरान भारत को गुप्त रूप से सैन्य सहायता प्रदान की थी। कारगिल युद्ध के दौरान, इजरायल ने भारत को लेजर-गाइडेड बम किट और मिसाइलें मुहैया कराईं, जिससे हमें पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ने में मदद मिली। यहीं से दोनों देशों के रक्षा संबंधों की शुरुआत हुई।

# बारूद के साये में पश्चिम एशिया: क्या वैश्विक टकराव का अगला अध्याय लिख रहा है इतिहास: चौरसिया

## भारत की कूटनीतिक संतुलन नीति पर बढ़ी परीक्षा, ऊर्जा और अर्थव्यवस्था पर मंडराया खतरा



पटना(अपना नालंदा)। वरिष्ठ पत्रकार चंदन चौरसिया ने कहा है कि पश्चिम एशिया में गहराता तनाव केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन को प्रभावित करने वाला निर्णायक मोड़ बनता जा रहा है। इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ती प्रत्यक्ष व परोक्ष टकराहट ने पूरे खाड़ी क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है। गाज़ा पट्टी से लेकर लेबनान सीमा और सीरिया तक फैले तनाव ने यह संकेत दे दिया है कि यदि यह संघर्ष व्यापक युद्ध में बदलता है तो इसका असर एशिया, यूरोप और अफ्रीका तक दिखाई देगा।

चौरसिया ने कहा कि पश्चिम एशिया वैश्विक तेल आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है, और किसी भी सैन्य टकराव से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल तय है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आयात करता है, ऐसे में पेट्रोल-डीजल महंगे होने, महंगाई दर बढ़ने और रुपये पर दबाव आने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि भारत ने अब तक संतुलित कूटनीति अपनाते हुए सभी पक्षों से संयम की अपील की है, क्योंकि देश के लाखों नागरिक खाड़ी देशों में कार्यरत हैं और उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि समुद्री मार्ग, विशेषकर होर्मुज़ जलडमरूमध्य प्रभावित होता है, तो वैश्विक व्यापार पर भी व्यापक असर पड़ सकता है।

चंदन चौरसिया ने कहा कि इस संभावित युद्ध का प्रभाव केवल ऊर्जा बाजार तक सीमित नहीं रहेगा। खाड़ी देशों—विशेषकर सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात की आर्थिक स्थिरता पर भी इसका सीधा असर पड़ सकता है। इन देशों में कार्यरत भारतीय प्रवासी बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का अहम स्तंभ है। यदि क्षेत्र में युद्ध की स्थिति बनती है, तो रोजगार, व्यापार और निवेश पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही, पश्चिम एशिया में अस्थिरता का असर वैश्विक शेयर बाजारों और आपूर्ति श्रृंखला पर भी पड़ेगा, जिससे खाद्यान्न, उर्वरक और औद्योगिक कच्चे माल की कीमतें बढ़ सकती हैं। चौरसिया ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद दुनिया पहले ही महंगाई और आपूर्ति संकट से जूझ रही है, ऐसे में एक और बड़े युद्ध से वैश्विक मंदी का खतरा गहरा सकता है।

भारत के लिए चुनौती यह होगी कि वह एक ओर अपने सामरिक साझेदारों के साथ संबंध बनाए रखे, तो दूसरी ओर अपनी ऊर्जा सुरक्षाऔर आर्थिक हितों की रक्षा भी सुनिश्चित करे। कूटनीतिक संतुलन, सामरिक संयम और आर्थिक दूरदर्शिता—तीनों की परीक्षा इस समय हो रही है।

चौरसिया ने कहा कि पश्चिम एशिया का यह संकट केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति के नए अध्याय की प्रस्तावना है। यदि संघर्ष लंबा खिंचता है तो अमेरिका, यूरोप और एशियाई शक्तियों की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भागीदारी से यह बहुध्रुवीय टकराव का रूप ले सकता है। इससे संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ सकती है। भारत के लिए यह समय शांति, संवाद और मध्यस्थता की पहल करने का अवसर भी है, क्योंकि भारत की छवि एक जिम्मेदार और संतुलित वैश्विक शक्ति की रही है। उन्होंने कहा कि युद्ध का कोई स्थायी समाधान नहीं होता अंततः वार्ता की मेज ही निर्णायक होती है। यदि क्षेत्रीय शक्तियां संयम नहीं बरततीं, तो यह संघर्ष केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, ऊर्जा संकट और मानवीय त्रासदी को जन्म देगा। ऐसे में विश्व समुदाय को सामूहिक पहल करनी होगी ताकि बारूद के इस ढेर को कूटनीति की ठंडी हवा से शांत किया जा सके। यही समय है जब शांति को प्राथमिकता दी जाए, अन्यथा इसके दुष्परिणाम आने वाले वर्षों तक विश्व व्यवस्था को झकझोरते रहेंगे।

# बेन में कर्पूरी वाटिका में पौधारोपण कर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन, होली मिलन भी हुआ आयोजित



सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालन्दा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्पूरी वाटिका में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर जदयू कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बिससूत्री अध्यक्ष अरविंद पटेल ने किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने एक पौधा लगाकर मुख्यमंत्री के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर कलीम अशरफ, शैलेंद्र कुमार, शशि भूषण कुशवाहा, पप्पू राम, संतोष कुमार, टुनटुन कुमार, शैलेंद्र पाल, सोहित कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

पौधारोपण के उपरांत कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह भी मनाया। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि पौधारोपण जैसे कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

www.apnanalanda.com
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार
नालन्दा की जनता की आवाज
अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
9031468165
9608311251

# होली को मर्यादा, सौहार्द और आनंद के साथ मनाएं : प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा



संजय कुमार
बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। नालंदा कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) सुनीता सिन्हा ने कहा है कि होली हमें यह संदेश देती है कि जीवन में सकारात्मकता का रंग सबसे गाढ़ा होना चाहिए। ईर्ष्या, द्वेष और भेदभाव के धुंधले रंगों को पीछे छोड़कर हमें ज्ञान, अनुशासन और मानवता के उजले रंगों को अपनाना है।
वे नालंदा कॉलेज में आयोजित होली मिलन



समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक, कर्मचारी और छात्र -छात्राओं से इस उत्सव को मर्यादा, सौहार्द और आनंद के साथ मानने की अपील करते हुए कहा कि आप सभी सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें और अपने जीवन को सफलता के सुंदर रंगों से भरते रहें।छात्रावास अधीक्षक डॉ संगीता कुमारी ने कहा कि होली का रंग तभी सार्थक है जब वह हमारे व्यवहार में झलके, हमारी वाणी में मधुरता लाए और हमारे संबंधों को और प्रगाढ़ बनाए।होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, यह मन के विकारों को धोकर प्रेम के रंग में रंग जाने का अवसर है। इग्नू केंद्र निदेशक डॉ रत्नेश कुमार अमन ने कहा कि होली मिलन समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमारे आपसी स्नेह, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता का जीवंत उत्सव है।

हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ चम्पा कुमारी ने कहा कि शिक्षा के पावन मंदिर में जब रंग, राग और रिश्तों की गर्माहट एक साथ घुल-मिल जाती है, तब परिसर सचमुच उत्सवधर्मी हो जाता है। पुस्तकालयाध्यक्ष अंजनी कुमार ने कहा कि होली का त्योहार हमें यह सीख देता है कि जैसे विविध रंग मिलकर एक सुंदर इंद्रधनुष रचते हैं, वैसे ही विविध विचार, संस्कृतियाँ और व्यक्तित्व मिलकर एक सशक्त शैक्षणिक परिवार का निर्माण करते हैं।
इस अवसर पर डॉ मंजू कुमारी, डॉ अनिर्बन चटर्जी, डॉ भावना, डॉ मृत्युंजय, विनय कुमार, जितेंद्र कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने एक दूसरे की अबीर गुलाल लगाए और फगुआ भी गाए।

# नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन पर महेशपुर में वृक्षारोपण और होली मिलन समारोह मनाया गया



चंडी (अपना नालंदा)। प्रखंड के महेशपुर गांव में जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 75वां जन्मदिन हर्षोल्लास, उत्साह और सामाजिक संदेशों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व जिप अध्यक्ष सह जिला पार्षद पिंकी कुमारी ने किया। इस अवसर पर गांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।
पिंकी कुमारी ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण



संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देने का संकल्प है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में बिहार ने विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है।
उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे मुख्यमंत्री के विचारों और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं। साथ ही नालंदा जिला में संगठन को और अधिक मजबूत और सक्रिय बनाने का संकल्प लें, ताकि विकास की गति निरंतर बनी रहे।जन्मदिन समारोह के उपरांत होली के पावन अवसर पर होली मिलन समारोहका आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महेशपुर स्थित समाजसेवी प्रेम कुमार सिन्हा के निजी आवास पर संपन्न हुआ। समारोह में पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुति दी गई और ढोल-झांझ की थाप पर लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।
कार्यक्रम में समाजसेवी प्रेम कुमार सिन्हा, मुखिया आत्मा राम सिंह, दीपक कुमार सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की और राज्य के सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।
समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में सौहार्द और आपसी सहयोग की भावना मजबूत होती है।इस प्रकार महेशपुर गांव में मुख्यमंत्री के जन्मदिन और होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसने विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता का संदेश एक साथ दिया गया।

# राजद कार्यालय में होली मिलन समारोह,कार्यकर्ताओं ने रंग-गुलाल से दिया एकता का संदेश

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रविवार को जिला Rashtriya Janata Dal कार्यालय, बड़ी पहाड़ी में युवा राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया।
समारोह के दौरान कार्यालय परिसर पूरी तरह उत्सवी रंग में रंगा नजर आया। कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक अंदाज में एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। ढोल-नगाड़ों और त्साहपूर्ण नारों के बीच पूरे वातावरण में उल्लास और उमंग की झलक दिखाई दी।



इस अवसर पर युवा राजद के जिला अध्यक्ष मनोज यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी पंचांग केअनुसार होलिका दहन वर्ष का अंतिम दिन होता है और होली नए वर्ष का पहला दिन माना जाता है। यह पर्व बीते वर्ष को विदा कर नए वर्ष का स्वागत करने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम और सम्मान का संदेश देने वाला पर्व है।

# प्रज्ञा कृषक हित समूह तिलैया-बड़हरी ने किया फागुनोत्सव का आयोजन

## महिला कृषक उद्यमियों ने खेली फूलों वाली होली



संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। राजगीर प्रखंड के बड़हरी गांव में सुनिल प्रसाद के घर पर रविवार को प्रज्ञा कृषक हित समूह तिलैया-बड़हरी द्वारा फागुनोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण महिला कृषकों व उद्यमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा ली और जमकर होली मिलन का लुत्फ उठायी।

इस गांव की यह पहली और नायाब होली मिलन आयोजित की गई। इस होली मिलन में पहले तो एक दूसरे को गुलाल लगायी। भेदभाव भुलाकर आपस में एक-दूसरे पर फूल की बारिश की। खाटूश्यामजी के गीतों पर थिरकते हुए भाव विभोर होकर जमकर लुत्फ उठाया। इसमें समूह के सदस्यों के अलावा गांव घर की दर्जनों महिलाओं ने होली मिलन का आनंद उठाया।

इस संबंध में बड़हरी की समूह की कोषाध्यक्ष महिला कृषक बिभा कुमारी ने बताया कि हम सभी को करीब पच्चीस तीस साल यहां आये हो गया है। अभी तक गांव देहात में होली से पूर्व इस तरह की फूलों वाली साफ सुथरी महिलाओं की होली मिलन हमने नहीं देखा। जहां गांव की महिलाएं एक स्थान पर इकट्ठा होकर एक दूसरे को गुलाल लगायी हो और एक दूसरे के गले लगी हो। फूलों की होली हमलोगों ने पहली बार खेली है।

समूह के अध्यक्ष सह प्राकृतिक खेती के जिला निगरानी समिति के सदस्य वीर अभिमन्यु सिंह ने बताया कि होली उमंग, उत्साह, प्रेम, सौहार्द व मिलन का प्रतीक है। इस तरह की फूलों वाली होली हमें भी गांवों में पहली बार देखने को मिला है। उसमें भी गांव की महिलाओं की होली मिलन की बात तो दुर्लभ प्रतीत होता है।

श्री सिंह ने कहा कि होली हिंदू धर्म का एक प्रमुख और पारंपरिक त्योहार है, जो रंगों के माध्यम से लोगों को जोड़ता है। इस तरह की महिला किसानों की होली मिलन हर गांव में होना चाहिए। महिलाएं सुबह से लेकर रात तक खेती गृहस्थी के कार्यों में व्यस्त रहतीं हैं। जिससे उन्हें जीवन का वास्तविक आनंद नहीं मिल पाता है। और जीवन सिर्फ खाने और कमाने एवं बच्चों के लालन-पालन तक सीमित होकर रह जाती है। ऐसा देखा जाता है कि गांव में रहते हुए भी अपने गांवों की अन्य महिलाओं से मिलने में सालों बीत जाती है।

उन्होंने बताया कि अक्सर देखा जाता है कि गांव की महिलाओं में छोटी-छोटी बातों को लेकर मनमुटाव बना रहता। इस तरह होली मिलन आपसी मतभेद और वैर की भावना को दूर करने में सहायक है।

इस मौके पर बड़हरी गांव की महिला कृषक मंजू कुमारी, फूलवा देवी, उर्मिला देवी, बेबी देवी, मीना देवी, बिभा देवी, गुड्डी देवी, पिंकी देवी, कोसुम देवी, बबीता देवी, ब्यूटी देवी समेत दर्जनों महिलाएं शामिल हुई।

# होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन, भोजपुरी गीतों पर झूमे लोग



चंडी (अपना नालंदा)। चंडी प्रखंड के दयालपुर गांव के समीप नव निर्मित मकान के परिसर में रविवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह, उमंग और उल्लास का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही ग्रामीणों और अतिथियों का आना-जाना शुरू हो गया था, जिससे परिसर में मेले जैसा दृश्य बन गया।

समारोह की खास पहचान भोजपुरी अंदाज में प्रस्तुत किए गए होली गीत रहे। नए और पारंपरिक दोनों तरह के गीतों की मनमोहक प्रस्तुति ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। रंगों और अबीर-गुलाल के बीच जब लोकगायकों ने फगुआ और होरी के गीत गाए तो उपस्थित लोग तालियों की गड़गड़ाहट के साथ नृत्य करते नजर आए। महिलाओं और युवाओं ने भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

आयोजन में आए अतिथियों और ग्रामीणों के लिए पारंपरिक व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की गई थी। मालपुआ, दहीवड़ा, बचका, फुलौड़ी, पकौड़ा सहित कई स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लोगों ने बड़े चाव से लिया। व्यंजनों की खुशबू और लोकगीतों की गूंज ने पूरे वातावरण को और भी आनंदमय बना दिया।आयोजक धनंजय कुमार ने बताया कि इस होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त बिखराव को समाप्त कर लोगों को एक सूत्र में पिरोना है। होली का पर्व प्रेम, भाईचारा और सद्भाव का संदेश देता है। यह पर्व सभी प्रकार के भेदभाव और वैमनस्यता को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण परिवेश में इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। जब लोग एक मंच पर इकट्ठा होकर गीत-संगीत और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेते हैं, तो आपसी दूरी स्वतः कम हो जाती है।

इस अवसर पर चंडी प्रखंड सहित आसपास के अन्य प्रखंडों से भी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। पूरे दिन चले इस समारोह ने गांव में प्रेम और सौहार्द का रंग घोल दिया, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया।

# इस्लामपुर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन, कार्यकर्ताओं ने दिया प्रेम और सौहार्द का संदेश




मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। नगर स्थित प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में रविवार को होली के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस नेता विवेक कुमार सिन्हा के नेतृत्व में हुआ, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान विवेक कुमार सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पर्व है। यह त्योहार प्रेम, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द का संदेश देता है, इसलिए सभी लोगों को इसे शांतिपूर्ण और आपसी सम्मान के साथ मनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि जीवन में आनंद की अनुभूति कराने और दूसरों के साथ खुशियां साझा करने का अवसर भी है। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ता एक-दूसरे को गले लगाकर और अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए नाचते-झूमते नजर आए।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला, प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, शिशुपाल यादव, अधिवक्ता शियाराम सिंह, अधिवक्ता मिथलेश प्रसाद, राजकुमार केसरी, देवेंद्र प्रसाद, भगवान सिंह यादव सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# बस्ती में रंगों की बौछार, होली मिलन में एकता का संकल्प

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय नगर पंचायत की मुख्य पार्षद बबीता देवी के प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह के बस्ती स्थित आवास पर शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं आम लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह मौजूद थे। उन्होंने होली मिलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह आपसी मतभेद भुलाकर एकता, प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील की।इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाललगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान आपसी मेल-मिलाप, हंसी-खुशी और सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला। सभी ने संकल्प लिया कि क्षेत्र में सद्भाव और एकता की भावना को और मजबूत किया जाएगा।

# हिलसा में होली मिलन समारोह पर उड़े अबीर-गुलाल, जनप्रतिनिधियों संग उमड़ा जनसैलाब




हिलसा (अपना नालंदा)। रविवार को हिलसा शहर के मई हाई स्कूल के समीप एक निजी हॉल में मुख्य पार्षद धनंजय कुमार की अगुवाई में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में रंग-गुलाल के साथ फूलों की बारिश हुई और पूरे माहौल में उत्साह व उमंग देखने को मिली।

कार्यक्रम में नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार, जनता दल (यूनाइटेड) के विधान पार्षद व प्रवक्ता नीरज कुमार तथा हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा जदयू नेता ब्रजनेश चंद्र विद्यार्थी सहित हजारों की संख्या में नगरवासी समारोह में शामिल हुए।समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुति से वातावरण पूरी तरह रंगमय हो उठा। लोगों ने एक साथ मिलकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया।मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व है। उन्होंने अपील की कि इस त्योहार को शालीनता और आपसी सम्मान के साथ मनाया जाए तथा किसी प्रकार का हुड़दंग या जबरन रंग लगाने से बचा जाए। उन्होंने कहा कि होली हमारी सभ्यता और संस्कृति की पहचान है, जो समाज को जोड़ने का कार्य करती है।

वहीं जनप्रतिनिधियों ने भी लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र की एकता और विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।

इसी क्रम में योगीपुर में समाजसेवी अभय प्रताप उर्फ अंशु के नेतृत्व में भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वहां भी लोगों ने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाया और प्रेम-भाईचारे का संदेश दिया।

इस अवसर पर जदयू के युवा नेता विकास कुमार, शैलेंद्र कुमार, रितेश गांधी, सुभाष प्रसाद, अगम कुमार, कुंदन कुमार, राजकुमार, प्रमोद कुमार, अलका सिन्हा, विनोद कुमार, रामशरण सिंह, आशुतोष कुमार गौरी, गौरव प्रकाश, डॉ. अनीश कुमार, सुमित कुमार, सुजानती देवी, संतोष कुमार गुप्ता, उमेश यादव, चंदन कुमार, रजनीश ठाकुर, अरुण कुमार, नीरज कुमार और सूरज कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

समारोह के अंत में सभी ने हिलसा में शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ होली मनाने का संकल्प लिया।

# हिलसा में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा, नंदा फ्यूल्स पर शुरू हुई चार्जिंग सेवा



हिलसा (अपना नालंदा)। जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग के बीच अब वाहन चालकों को चार्जिंग के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। हिलसा शहर के पश्चिमी बाईपास स्थित नंदा फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग एवं बैटरी चालित वाहनों के लिए अत्याधुनिक चार्जिंग प्वाइंट की शुरुआत कर दी गई है।

चार्जिंग सुविधा का उद्घाटन पेट्रोल पंप के संचालक धर्मेंद्र कुमार ने लाल फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यहां एक साथ दो इलेक्ट्रिक कारों को चार्ज करने की व्यवस्था उपलब्ध है। आधुनिक तकनीक से लैस इस चार्जिंग प्वाइंट पर लगभग 20 से 25 मिनट में वाहन की बैटरी फुल चार्ज हो जाती है, जिससे यात्रियों का समय भी बचेगा। उन्होंने कहा कि यह सुविधा आम लोगों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। दिन-रात खुली रहने वाली इस सेवा से हिलसा सहित आसपास के क्षेत्रों के इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकर्ताओं को काफी सहूलियत मिलेगी। विशेष रूप से लंबी दूरी तय करने वाले वाहन चालकों के लिए यह सुविधा लाभकारी साबित होगी।मौके पर मौजूद बुद्धिजीवियों एवं स्थानीय लोगों ने इस पहल को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने से प्रदूषण में कमी आएगी और स्वच्छ वातावरण बनाने में मदद मिलेगी। यह पहल भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया सकारात्मक कदम है।

कार्यक्रम में हिलसा निजी विद्यालय संघ के पूर्व सचिव महेश प्रसाद सिंह, प्रितम ऋतु, राजेश कुमार, संतोष कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस नई सुविधा के लिए पेट्रोल पंप संचालक को बधाई दी और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में जिले में और भी ऐसे चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

# थरथरी थाना में होली को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे पर पूर्ण पाबंदी की चेतावनी

थरथरी (अपना नालंदा)। होली पर्व को लेकर रविवार को थरथरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल पदाधिकारी चेतना कुमारी ने की। इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरी कुमारी ने सभी से होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा संदिग्ध सूचना मिलने पर तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने स्पष्ट किया कि अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शराबबंदी के बावजूद चोरी-छिपे शराब बेचने, शराब पीकर अभद्र व्यवहार करने तथा



अश्लील गीत बजाने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी। साथ ही सरकार द्वारा डीजे बजाने पर पूर्ण पाबंदी की जानकारी देते हुए चेतावनी दी कि आदेश की अवहेलना करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

बैठक में जिला परिषद सदस्य अमित कुमार राज उर्फ तरुण यादव, पूर्व मुखिया युगेश्वर कुमार, आनंद मोहन, पुरुषोत्तम कुमार, दीपू यादव, प्रभात शंकर, अनिल कुमार, अजमेरी, सुदामा प्रसाद, बलिन्द्र प्रसाद, प्रभात कुमार, अर्जुन पासवान, नवीन कुमार द्विवेदी, सुरेन्द्र मरांडी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

अधिकारियों ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए शांतिपूर्ण और सुरक्षित होली मनाने का संदेश दिया।

# इस्लामपुर में 10 करोड़ की लागत से बना विवाह भवन व मुसाफिरखाना उद्घाटन के इंतजार में

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालन्दा)। नगर परिषद क्षेत्र के मोहल्ला कजियाना स्थित वक्फ संख्या 720 की भूमि पर करीब 10 करोड़ 27 लाख 33 हजार 866 रुपये की लागत से निर्मित विवाह भवन एवं मुस्लिम मुसाफिरखाना पिछले एक वर्ष से उद्घाटन के इंतजार में धूल फांक रहा है। यह भवन बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा तैयार कराया गया है, जिसमें 6+3 हॉल, मुसाफिरखाना, पुस्तकालय एवं दुकानें शामिल हैं।

बताया जाता है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मवेशी हाट मैदान में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में इस भवन का उल्लेख करते हुए कहा था कि इसके बन जाने से अल्पसंख्यक समुदाय को काफी लाभ मिलेगा।

वक्फ संख्या 720 के मुतवल्ली हसन इमाम ने बताया कि भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद संवेदक एम/एस स्वराज कुमार शांडिल्य ने इसकी सूचना संबंधित विभाग को दे दी है। लेकिन अब तक भवन का विधिवत हस्तांतरण नहीं हो सका है।

सूत्रों के अनुसार, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष इरशादुल्लाह द्वारा यह कहा गया है कि भवन का निर्माण स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप हुआ है या नहीं, इसकी जांच के लिए



समिति गठित की जाएगी। जांच के बाद ही बोर्ड भवन को अपने अधीन लेकर उद्घाटन करेगा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय प्रक्रियाओं और लालफीताशाही के कारण करोड़ों की लागत से बना यह भवन बेकार पड़ा है, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने शीघ्र जांच पूरी कर भवन को चालू कराने की मांग की है, ताकि इसका उपयोग समाजहित में हो सके।

# द टाइगर इवेंट्स व जय जानकी संगठन के तरफ से 101 महिलाओ को दिया गया प्रेरणा पदक सम्मान




पटना (अपना नालंदा)। बिहार कि राजधानी पटना के बी एन क्लब रामनगरी आशियाना में एक दिवसीय महिला प्रेरित सम्मान सीजन -2 का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि भोजपुरी जगत के मशहूर महानायक कुणाल सिंह, पटना के मेयर श्रीमती सीता शाहु जी रहें और साथ में इस आयोजन के विशिष्ट अतिथि डिप्टी मेयर श्रीमती रेशमी चंद्रवंशी, निर्देशक राजू कुमार अपना संसार,जदयू के प्रदेश प्रवक्ता / जदयू नेता धीरज सिंह कुशवाहा जी, अभिनेत्री/ बैंकर पूर्णिमा पदमासना, पुष्पा तिवारी. ज्योति सिन्हा ब्रजेश कुमार, स्वाति प्रिया, जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, ग्रामीण स्वास्थ्य मित्र निर्देशक डॉ राजकुमार, आशीष कुमार, धीरज कुमार पाण्डेय और जस्टिस फॉर सोसायटी के संस्थापक अधिवक्ता डॉ प्रकाश रंजन समेत कई गणमान्य लोगों ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया, इस अवसर पर महिला प्रेरित सम्मान सीजन -2 के महत्वपूर्ण विषय बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, महिला सशक्तिकरण, स्वदेशी अपनाओ, आत्म निर्भर भारत, विकसित भारत-2047 , वसुधैव कुटुम्बकम, स्वच्छ भारत, स्मार्ट सिटी विथ स्मार्ट माइंड तथा हमारा देश हमारी जिम्मेदारी आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक बताया गया, इस दौरान समाज में व देश में अपनी बेहतरीन प्रदर्शन व कार्यो को लेकर कुल 101 प्रतिभावान महिला,पुरुष प्रतिभाओं सहित आगत अतिथियों का सह सम्मान प्रशस्ति पत्र बुके,व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक केशरी टाईगर ने बताया कि महिलाओं व पुरुषों के प्रतिभा का सम्मान कर समाज व देश में उनकी प्रतिभाओं एक किर्तिमान स्थापित करना है, क्योंकि पुरस्कार किमत का नहीं बल्कि सौहार्द का प्रतीक होता है,

यहां बता दें कि कार्यक्रम आयोजक के संस्थापक तथा जय जानकी व द टाईगर इवेंट के डायरेक्टर ने कहा है कि परिवर्तन बहुत जरूरी है जहां नेशन फर्स्ट का एक नारा है,जो 2047 में भारत एक विकसित देश बनने जा रहा है, इस सोच के साथ हमारा देश, हमारी जिम्मेदारी, आत्म निर्भर भारत, स्वच्छ भारत आदि के मुहिम को लेकर संस्था के द्वारा जय जानकी के बैनर तले 101 महिला प्रेरित सम्मान दिया गया है इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सम्मान देना है, महिला अपने को अबला नहीं समझे।

# पटना में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का होली मिलन, मैथिली ठाकुर के गीतों पर झूमे चित्रांश



जेपी चौधरी

पटना (अपना नालन्दा)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय हाल, आर ब्लॉक पटना में किया गया। कार्यक्रम में देश की ख्याति प्राप्त गायिका व भाजपा विधायक मैथिली ठाकुर ने "आज बिरज में होली है रसिया..." गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

समारोह में चित्रांश बंधुओं ने रंग-गुलाल और फूलों की होली खेली तथा भाई भोज का आनंद लिया। रॉक स्टार क्लब के गायक चुन्नू चंचल व महिला कव्वाला टीम की प्रस्तुति ने माहौल को और रंगीन बना दिया। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

अतिथियों में मंत्री डॉ. अशोक चौधरी, विधायक संजय गुप्ता, विधायक संजीव चौरसिया एवं पूर्व विधायक अरुण कुमार सिन्हा शामिल हुए।प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार सिन्हा, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनहर कृष्ण अतुल व प्रदेश महामंत्री समीर प्रसाद ने होली को प्रेम, सद्भाव और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताया।मौके पर कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष अजीत कुमार, मनीष कुमार, संजीव नाथ, सुषमा सिन्हा, डॉ. अनिता सिन्हा, अभिषेक आनंद, रविन्द्र कुमार सिन्हा, डॉ. धीरज अम्बष्ट, मनीष कुमार सिन्हा, विजय शंकर, राजेश कुमार कंठ, माला सिन्हा, अशोक कुमार सिन्हा, कौशल कुमार वर्मा, अमरेश कुमार सिन्हा, देवराज गुल्लू, नरेश प्रसाद कर्ण, आलोक कुमार, कमल नयन श्रीवास्तव, अमरेश प्रसाद, शैलेन्द्र नारायण सोनु, आनंद प्रसाद, रवि कुमार, पुर्णेंदु नारायण, अरुण कुमार सिन्हा (माइकल), मोनिका सिन्हा, अमिताभ ऋतुराज, मुकेश कुमार लाल, विपुल गौरव, संजय कुमार सिन्हा, सतीश कुमार वर्मा, आशीष सिन्हा, मृणाल वर्मा, संजन कुमार शरण, अशोक कुमार वर्मा, रीना प्रसाद, रूद्राक्ष, कुमार समीर सहित अनेक चित्रांश बंधु उपस्थित रहे।

# थरथरी में नव स्थापित शिव शक्ति मंदिर में भव्य रुद्राभिषेक, 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू

थरथरी (अपना नालन्दा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित मुहाने नदी में पुल निर्माण के दौरान पूर्व से स्थापित शिव मंदिर को सुरक्षित रूप से पीछे स्थानांतरित कर पुनः स्थापित किया गया है। नव स्थापित मंदिर का नाम शिव शक्ति मंदिर रखा गया है। प्राण प्रतिष्ठा के छठे दिन रविवार की अहले सुबह मंदिर परिसर में ग्यारह पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भव्य रुद्राभिषेक किया गया। साथ ही 24 घंटे का अखंड कीर्तन भी प्रारंभ हुआ, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया।



मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार उर्फ अनित जी ने बताया कि 24 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ था। इस अवसर पर पांच दिवसीय कथा का आयोजन किया गया, जिसमें कथावाचक द्वारा श्रद्धालुओं को धार्मिक प्रवचन सुनाए गए। उन्होंने बताया कि मंदिर में स्थापित शिव जी का पंच परिवार राजस्थान से विशेष रूप से मंगाया गया है।

रविवार को विधि-विधान से रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया तथा अखंड कीर्तन की शुरुआत हुई। थरथरी बाजार के श्रद्धालु फलाहार कर 'हरे राम, हरे कृष्ण' के जयघोष के साथ कीर्तन में शामिल हुए।पुरोहित मोनू पांडेय ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में प्रेम, सौहार्द और एकजुटता की भावना सुदृढ़ होती है।इस अवसर पर समिति के सचिव राहुल कुमार, कोषाध्यक्ष निक्की कुमार, संयोजक आशीष रंजन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 75वें जन्मदिन पर मुख्यमंत्री आवास पहुंचे सम्राट चौधरी, दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना

जेपी चौधरी

पटना (अपना नालन्दा)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन के अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उनके आवास पहुंचे और उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने मुख्यमंत्री को विकास पुरुष, सुशासन बाबू और जन-जन के प्रिय नेता बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में एनडीए सरकार ने बिहार को विकास और सुशासन की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि मुख्यमंत्री स्वस्थ, दीर्घायु एवं ऊर्जावान रहें तथा राज्य को निरंतर नई दिशा देते रहें।

श्री चौधरी ने कहा कि वर्ष 2005 से पूर्व के भयावह दौर से बिहार को बाहर निकालकर मुख्यमंत्री ने राज्य में कानून का राज स्थापित किया। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। महिलाओं के उत्थान के लिए पंचायत चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण लागू कर आधी आबादी को सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कदम उठाया गया।उन्होंने कहा कि जीविका के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है और आज जीविका दीदियों द्वारा 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यवसाय किया जा रहा है। पिछले दो दशकों में करीब 60 लाख लोगों को नौकरी और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार विकास के पथ पर और तेजी से आगे बढ़ेगा।